nwda.gov.in

केंद्र एवं राज्य सरकार के अफसरों ने अटल भू-जल कार्यों का किया निरीक्षण, ग्रामीणों की जल बचाने के प्रति जागरुकता की हुई सराहना

पानी के बचाव से अगली पीढ़ी का भविष्य होगा सुरक्षित : देबाश्री

भास्कर न्यूज | छतरपुर

केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अफसरों ने गुरुवार को जिले के सलैया, पिपरिया में अटल भू-जल के निर्माण कार्यों समेत जल संरचनाओं का निरीक्षण किया। इसके साथ ही केन बेतवा लिंक परियोजना स्क्रीनिंग कमेटी के साथ मीटिंग की। उच्च स्तरीय टीम ने केन-बेतवा लिंक परियोजना के बिजावर क्षेत्र में बनने वाले ढोड़न बांध स्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही गंगऊ डैम का भी जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी, संयुक्त सचिव सुबोध यादव, एमपी के जल संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह, कलेक्टर संदीप जीआर ने संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान एसडीएम विजय द्विवेदी समेत केन बेतवा परियोजना के अधिकारी उपस्थित रहे।

जल बचाव के लिए अफसरों ने किया ग्रामीणों से संवाद

अटल भू-जल अंतर्गत कार्यों संरचनाओं का निरीक्षण कर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने जल बचाने के संबंध में अटल भू-जल के तहत क्या-क्या कार्य किए गए और जल स्तर में कितना सुधार के संबंध में चर्चा की। सचिव देबाश्री मुखर्जी ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि हम सबको पानी बचाने के लिए पानी के खर्च का बजट बनाना चाहिए और उसी अनुसार जल को खर्च करना चाहिए। ऐसा करके हम सभी अपनी अगली पीढ़ी का भविष्य निश्चित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पानी को बचाएं और अनावश्यक दुरुपयोग न करें। अटल भू-जल की टीम में 25 सदस्य हैं, यह लोगों को पानी बचाने के प्रति जागरूक कर रहे है। इसके साथ साथ ही एनीकट बनने से जलस्तर बढ़ने के कारण सिंचाई का रकबा में भी वृद्धि हुई है। इस दौरान एसडीएम प्रखर सिंह, डीडीए डॉ. सुरेश पटेल, जल संसाधन के कार्यपालन यंत्री आशीष महाजन, जनपद सीईओ राकेश शुक्ला समेत कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्प्रिंकलर और रेन गन से सिंचाई करने वाले किसानों से की चर्चा

केंद्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा झमटुली के तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्टर संदीप जीआर द्वारा तालाबों का सीमांकन कराकर सरहद को सुरक्षित कराए जाने की कार्य की सराहना की। अटल भूजल योजना के तहत स्प्रिंकलर एवं रेन गन से सिंचाई करने वाले किसान देवीदीन पटेल, रामकिशन पटेल, कट्टू बाई पटेल, किशोर सिंह, दुर्जन पटेल झमटुली में खेत पर स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों से स्प्रिंकलर एवं रेन गन के उपयोग और उसके लाभ के बारे में चर्चा की। स्प्रिंकलर का प्रयोग कम पानी चाहने वाली फसलों में करने के लिए किसानों को प्रेरित किया।